http://www.upboardonline.com

# हिन्दी

**Set-3 : 2017**
**801 AC**

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट]* *[पूर्णांक : 70*

*निर्देश :* प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

1. (क) निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1
   (i) अमृतलाल नागर प्रसिद्ध एकांकी लेखक हैं।
   (ii) रामविलास शर्मा प्रसिद्ध भेंट वार्त्ताकार हैं।
   (iii) डॉ० नगेन्द्र ख्यातिप्राप्त समालोचक हैं।
   (iv) जयप्रकाश भारती कवि के रूप में विख्यात हैं।

   (ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** कृति के लेखक का नाम लिखिए : 1
   (i) 'इंडिया इन कालिदास' (ii) 'उजली आग'
   (iii) 'तीर्थ सलिल' (iv) 'एक घूँट'।

   (ग) 'किन्नर देश में' के लेखक का नाम लिखिए। 1

   (घ) 'हंस' के सम्पादक का नाम लिखिए। 1

   (ङ) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' के रचनाकार का नाम लिखिए। 1

2. (क) 'रीतिकाल' की किन्हीं **दो** प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए। 1+1

   (ख) 'छायावाद' के प्रसिद्ध **दो** कवियों के नाम लिखिए। 1+1

   (ग) 'प्रगतिवादी' काव्य की किसी **एक** प्रवृत्ति का उल्लेख कीजिए। 1

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी **एक** के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+2

   (क) दूसरी बात, जो इस सम्बन्ध में विचारणीय है, वह यह है कि संस्कृति अथवा सामूहिक चेतना ही हमारे देश का प्राण है। इसी नैतिक चेतना के सूत्र से हमारे नगर और ग्राम, हमारे प्रदेश और सम्प्रदाय, हमारे विभिन्न वर्ग और जातियाँ आपस में बँधी हुई हैं; जहाँ उनमें और सब तरह की विभिन्नताएँ हैं, वहाँ उन सब में यह एकता है। इसी बात को ठीक तरह से पहचान लेने से बापू ने जन साधारण को बुद्धिजीवियों के नेतृत्व में क्रान्ति करने के लिए तत्पर करने के लिए इसी नैतिक चेतना का सहारा लिया था। अहिंसा, सेवा और त्याग की बातों से जनसाधारण का हृदय इसीलिए आन्दोलित हो उठा, क्योंकि उन्हीं से तो वह शताब्दियों से प्रभावित और प्रेरित रहा।

   (i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
   (ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।
   (iii) जनसाधारण का हृदय किन बातों से आन्दोलित हो उठा?

   (ख) कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। यह केवल नीति और सद्वृत्ति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है। किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी तो वह उसके पैरों में बँधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन-दिन अवनति के गड्ढे में गिराती जायगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देनेवाली बाहु के समान होगी, जो उसे निरन्तर उन्नति की ओर उठाती जाएगी।

   (i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
   (ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।
   (iii) कुसंग और अच्छी संगति में क्या अन्तर है?

4. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए और उसका काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 1+4+1

   (क) ऊधौ मन न भये दस बीस।
   एक हुतौ सो गयौ स्याम संग को अवराधै ईस।।
   इंद्री सिथिल भई के सब बिनु, ज्यों देही बिनु सीस।
   आसा लागि रहति तन स्वासा, जीवहिं कोटि बरीस।।
   तुम तौ सखा स्याम सुन्दर के सकल जोग के ईस।
   सूर हमारैं नन्द-नन्दन बिनु, और नहीं जगदीस।।

   (ख) सागर निज छाती पर जिनके,
   अगणित अर्णव पोत उठाकर।
   पहुँचाया करता था प्रमुदित,
   भूमंडल के सकल तटों पर।।
   नदियाँ जिसकी यशधारा-सी,
   बहती हैं अब भी निशि-बासर।
   ढूँढ़ो, उनके चरण-चिन्ह भी,
   पायोगे तुम इनके तट पर।।

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी एक रचना का नाम लिखिए : 2+1
   (i) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी (ii) डॉ० भगवतशरण उपाध्याय
   (iii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल।

   (ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी रचना का उल्लेख कीजिए : 2+1
   (i) रसखान (ii) महादेवी-वर्मा (iii) केदारनाथ सिंह।

6. निम्नलिखित का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1+3

यद्यपि याने मया बहु अशितं तथापि तव भ्रमणेन अहं क्षुधया पीडितः। तदर्थं मया कश्चित् गुलिकाः अशिताः। पर्यटने मया सुविस्तृताः शोभनाश्च मार्गाः दृष्टाः, मार्गम् उभयतः गगनचुम्बिन्यः अट्टालिकाः परिलक्षिताः। ताः सर्वाः नवनिर्मिताः इव प्रत्यभासन्त। यदा-यदा वयं तस्य नगरस्य द्वारम् उपा ताः तस्य सुविशालौ द्वावपि कपाटौ अनावृतौ संजातौ।

***अथवा***

रे रे चातक ! सावधानमनसामित्त ! क्षणं श्रूयताम्।
अम्भोदा बहवो वसन्ति गगने सर्वेऽपि नैतादृशाः।।

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

केचिद् वृष्टिभिर्आर्द्रयन्ति वसुधां गर्जन्ति केचिद् वृथा।
यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीनं वचः।।

7. (क) अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ कोई **एक** श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 2

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1

(i) कुत्र मरणं मंगलं भवति? (ii) पुरुराजः कः आसीत्?
(iii) पदेन बिना किं दूरं याति?
(iv) कशया ताडितः चन्द्रशेखरः पुनः पुनः किम् अवदत्?

8. (क) हास्य रस **अथवा** करुण रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ख) उपमा **अथवा** उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा एवं उसका उदाहरण लिखिए। 2

(ग) रोला **अथवा** सोरठा छन्द का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए। 2

9. (क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : 1+1+1

(i) अन (ii) अधि (iii) अनु
(iv) सह (v) निर (vi) परि।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1

(i) त्व (ii) ता (iii) पन
(iv) वट (v) आई।

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए : 1+1

(i) पाप-पुण्य (ii) सप्ताह
(iii) विषधर (iv) शुभकर्म।

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के तत्सम रूप लिखिए : 1 + 1

(i) लाख (ii) खीर (iii) आँख
(iv) हाथ (v) माथ।

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 + 1

(i) आम (ii) हाथी (iii) जल
(iv) सर्प (v) भ्रमर।

10. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में सन्धि कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए : 1 + 1

(i) पितृ + आदेशः (ii) महा + ओजः
(iii) देव + ऐश्वर्यम् (iv) प्रति + एक।

(ख) निम्नलिखित शब्दों के रूप षष्ठी विभक्ति, बहुवचन में लिखिए : 1 + 1

(i) मधु **अथवा** नदी (ii) तद् (पुल्लिंग) **अथवा** युष्मद्।

(ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : 2

(i) पठत (ii) अहसत (iii) पश्यामः।

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 1 + 1

(i) वृक्ष से फल गिरते हैं। (ii) मैं प्रतिदिन स्नान करता हूँ।
(iii) सिकन्दर कौन था? (iv) सभी छात्र पत्र लिखेंगे।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

(i) प्रदूषण का प्रभाव (ii) विद्यालय में पुस्तकालय का महत्त्व
(iii) शिक्षा-स्तर में गिरावट (iv) बढ़ती सड़क दुर्घटना।

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 3

(क) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के पंचम व षष्ठ सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के प्रधान पात्र के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य की कथा संक्षेप में लिखिए।

(ग) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर भरत का चरित्र-चित्रण कीजिए।
(ii) 'कर्मवीर भरत' के चतुर्थ सर्ग की कथा लिखिए।

(घ) (i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के प्रधान पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।
(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य की कथा अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) (i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के प्रथम एवं द्वितीय सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।
(ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के प्रधान पात्र की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(च) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में प्रस्तुत कीजिए।
(ii) 'ज्योति जवाहर' के नायक की चरित्रगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(छ) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।
(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के मुख्य पात्र की चरित्रगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ज) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण का चरित्र-चित्रण कीजिए।
(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(झ) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य की कथा संक्षेप में लिखिए।

http://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com